दिनांक 16.11.2021

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांक 16–26 नवम्बर, 2021 तक विभिन्न प्रतियोगिताऐं विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जायेंगी। इस अवसर पर आज दिनांक 16.11.2021 को निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया।

दिनांक 16.11.2021 को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों (कक्षा 01 से 05, कक्षा 06 से 08, कक्षा 09 से 12) में आयोजित की गयी, इस प्रतियोगिता में रेड रोज़ पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम एवं कृष्णानगर शाखा, सिटी मॉटेसरी स्कूल की विभिन्न शाखांए, पायनियर मॉटेसरी स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल, बाल विद्या मंदिर, एमिकस एकेडमी, सेन्ट्रल एकेडमी, हार्नर कालेज सहित कुल 14 विद्यालयों के 175 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसका परिणाम निम्नवत है।

1– वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित फैन्सीड्रेस प्रतियोगिता(16.11.2021)

क्र0	कक्षा 01 से 05	कक्षा 06 से 08	कक्षा 09 से 12
1	शुभकामना शर्मा– प्रथम रेड रोज़ राजाजीपुरम	स्वास्तिक योगेश श्रीवास्तव– प्रथम रेड रोज़ पब्लिक स्कूल	वैश्नवी– प्रथम एल0पी0एस0 जानकीपुरम
2	आद्या जायसवाल– द्वितीय एल0पी0एस0 जानकीपुरम	मधुरेश– द्वितीय माउण्ट कार्मेल	ईशा सिंह– द्वितीय एल0पी0एस0 जानकीपुरम
3	श्रीजा जायसवाल– तृतीय सेन्ट एग्निस लोरेटो स्कूल	तथागत– तृतीय रेड रोज़ पब्लिक स्कूल	दीपाली उपाध्याय– तृतीय रेड रोज़ पब्लिक स्कूल
4	वेदांश तिवारी– सांत्वना सी0एम0एस0 इंदिरानगर	आद्विक कौशिक– तृतीय सी0एम0एस0	अलीशा खान– तृतीय हार्नर कालेज महानगर
5	मयूख अग्रवाल– सांत्वना बाल विद्या मंदिर	प्रन्जय दुबे– सांत्वाना सेन्ट्रल एकेडमी	
6	सार्थक– सांत्वना पायनियर मॉटेसरी	वैष्णवी शुक्ला– सांत्वना सेन्ट्रल एकेडमी	
7	अनम जहाँ– सांत्वना एमिकस एकेडमी		
8	चार्वी हान्डा– सांत्वना रेड रोज़ राजाजीपुरम		

प्रथम पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को दिनांक 29 नवम्बर, 2021 को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। शेष सभी विजेता प्रतिभागियों को तत्काल निदेशक, प्राणि उद्यान द्वारा पुरस्कृत किया गया। कल दिनांक 17.11.2021 को वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर निदेशक प्राणि उद्यान द्वारा अपील की गयी कि आगे होने वाली प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

–ह0–
(आर0के0 सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ